हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

04 जमीनी रंजिश ने ली एक और जान, दलित परिवार पर...



07 युवक की मौत पर परिजनों का हंगामा, घेरा कोतवाली...





## खबर संक्षेप



### स्व. सैनी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**सागर।** फिजियोथेरेपी डॉक्टर निखिल सैनी के पिता विनोद सैनी के आकस्मिक स्वर्गवास हो जाने पर एकता समिति ने दिव्य आत्मा की शांति सद्गति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर रशीद भाई, सुधीर जैन, कमलचंद जैन, शरद गुप्ता, चंपक भाई जैन, संजय शास्त्री, राजेंद्र मलैया, प्रमोद पटेल, राजेंद्र सोनी मामा, अजीत जैन, प्रमोद चौरसिया, विनीत जैन गैस, प्रभात जैन, नरेंद्र जैन, सुशील जैन, अनिल गंगवानी, शरदकांत सोनी, चरणजीत टुटेजा, अरुण जैन शिक्षक, चंद्रप्रभा जैन अनीता जैन संगीता लक्ष्मी रजनी ने, पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण सम्बल योजना राशि का हुआ वितरण

**सागर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण सम्बल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि का वितरण कलेक्टर कार्यालय एन आई सी सभा कक्ष मे किया गया। जिले के 546 हितग्राहियों को 12 करोड़ 25 लाख राशि का अंतरण श्रमिकों के हितग्राहीओं को किया गया। जिले के सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों मे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कार्यक्रम प्रसारित किया गया । कार्यक्रम मे जिला श्रम अधिकारी ज्योति पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रजत सोनी, नगर निगम सागर, जनपद पंचायत सागर, एवं नगर पालिका मकरोनिया के हितग्राही शामिल रहे।

### आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सागर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सागर जिले के शहरी क्षेत्रों में आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार इच्छुक महिला अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के माध्यम से 1 जुलाई से 13 जुलाई तक आवेदन कर सकती हैं। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है।जारी विज्ञापन के अनुसार सागर शहरी-1 एवं सागर शहरी-2 परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 8 आंगनवाड़ी केंद्रों में सहायिका के 8 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें वृंदावन वार्ड, जवाहरगंज वार्ड, सदर वार्ड, संतकबीर वार्ड, केशवगंज वार्ड, काकागंज वार्ड सहित अन्य आंगनवाड़ी केंद्र शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने पात्र महिला अभ्यर्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज तथा अन्य शर्तें एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

### कुलपति कार्यालय में कार्यरत गोपाल पटेल हुए सेवानिवृत्त

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि के कुलपति सचिवालय से गोपाल पटेल लगभग 39 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति हुए। सेवानिवृत्ति पर उनका विदाई समारोह विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय स्थित समिति कक्ष में संपन्न हुआ। विदाई समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर, कुलसचिव डॉ. सत्यप्रकाश उपाध्याय, वित्ताधिकारी डॉ. हिमांशु पांडे, संयुक्त कुलसचिव संतोष सोहगौरा, उपकुलसचिव सतीश कुमार, कुलपति सचिवालय के प्रवीण राठौर, समर्थ दीक्षित, आरिफ खान, कुलपति सचिवालय एवं कुलसचिव कार्यालय के कर्मचारीगण, गोपाल पटेल के परिवार के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**जैसीनगर में जी राम जी योजना का शुभारंभ, जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया योजना को ग्रामीण विकास की नई दिशा**

# जी राम जी योजना से बदलेगी गांवों की तस्वीर, हर ग्राम पंचायत लिखेगी विकास की नई कहानी: हीरासिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी जी राम जी योजना का सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए योजना की विस्तृत जानकारी दी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान का लाइव प्रसारण क्षेत्र वासियों के साथ देखा चर्चा की और इसे ग्रामीण विकास, जनभागीदारी तथा रोजगार सृजन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में जी राम जी योजना लागू की गई है, जिससे प्रत्येक गांव अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन स्वयं कर सकेगा।

उन्होंने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत लगातार क्षेत्र के गांवों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से सुरखी विधानसभा विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है और जी राम जी योजना इस विकास यात्रा को और अधिक गति प्रदान करेगी।

अपने उद्बोधन में हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अब गांवों का विकास ऊपर से थोपे गए निर्णयों के आधार पर नहीं, बल्कि ग्राम सभा



की सहमति और ग्रामीणों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार होगा। गांव के लोग स्वयं तय करेंगे कि उनके गांव में सड़क, नाली, तालाब, सामुदायिक भवन, खेल मैदान, जल संरक्षण, वृक्षारोपण या अन्य कौन-सा कार्य पहले होना चाहिए। ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जब विकास की योजना गांव का प्रत्येक नागरिक मिलकर बनाएगा, तब योजनाएं अधिक प्रभावी होंगी और उनका लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचेगा।

### मनरेगा की कमियों को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम

हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि पूर्व में मनरेगा के अंतर्गत अनेक विसंगतियां थी, कई स्थानों पर व्यावहारिक कठिनाइयां भी सामने आईं। कई बार वास्तविक जरूरतों के अनुरूप कार्यों का चयन नहीं हो पाता था, प्रक्रियाएं लंबी होने से कार्यों में देरी होती थी तथा कई गांवों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल पाती थी। उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना इन चुनौतियों को दूर करते हुए ग्राम स्तर पर जनभागीदारी को मजबूत बनाएगी, जिससे विकास कार्य अधिक पारदर्शी, उपयोगी और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप होंगे।

### रोजगार के साथ अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। गांवों में अधिक से अधिक निर्माण और विकास कार्य होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, पलायन में कमी आएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सुविधाओं के विकास से गांव आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेंगे।

हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में गांव, गरीब, किसान और श्रमिक के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए ग्रामीण विकास को नई गति दे रहे हैं। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर गांव आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बने।उन्होंने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के नेतृत्व में सुरखी विधानसभा लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रही है। क्षेत्र में सड़क, पुल, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, धार्मिक एवं सामाजिक अधोसंरचना सहित अनेक विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं, जिससे जनता का जीवन स्तर लगातार बेहतर हो रहा है।

### हर गांव स्वयं लिखेगा अपने विकास की कहानी

अपने संबोधन के अंत में हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि जी राम जी योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण स्वाभिमान, जनभागीदारी और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण का अभियान है। आने वाले समय में प्रत्येक ग्राम पंचायत अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप विकास की नई इबारत लिखेगी और मध्य प्रदेश ग्रामीण विकास के क्षेत्र में पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बनकर उभरेगी। इस अवसर पर रामबाबू सिह जनपद अध्यक्ष, शारदा खटीक जिला सदस्य, ऊषा प्रमोद पटेल जिला सदस्य, साहव सिह सेमरा अंत्योदय कमेटी अध्यक्ष, हरनाम सिंह सेमरा, धीरज सिह औरिया, रामअवतार सिह खमखुआ, जनपद सदस्य प्रियंकर तिवारी उपस्थित थे।



## गैस किट से संचालित मारूति वैन पर थाना केन्ट में दर्ज करवाई एफआईआर

**सागर।** स्कूल में अध्ययनरत ऐसे छात्र-छात्राएं जो स्कूली वाहनों से स्कूल आते-जाते हैं, उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल सागर के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में स्कूल बसों एवं वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। मारूति वेन क्रमांक एमपी 04 बीसी 0987 जो कि बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य कर रही थी, उसे परेट मंदिर के सामने केन्ट में रोककर चैक किया गया। उक्त वाहन को वाहन चालक अखिलेश पटेल चला रहे थे। जब उनसे वाहन के कागजात मांगे गये तो उन्होंने कोई भी दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किये। वाहन के पीछे के भाग की डिक्की के गेट को खोलकर देखा गया तो वाहन में एल.पी.जी. गैस किट लगी हुई थी, जिसके ऊपर बच्चों को बैठाने के लिए सीट लगाई गई थी। अर्थात वाहन को एल.पी.जी. गैस से चलाया जा रहा था। शैक्षणिक वाहनों का एल.पी.जी. ईंधन द्वारा संचालन प्रतिबंधित रहेगा। अर्थात उक्त वाहन द्वारा उपरोक्त राजपत्र के प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा था। उक्त वाहन इस कार्यालय में प्रायवेट श्रेणी में पंजीकृत होकर अनाधिकृत तरीके से स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य कर रही थी। जो कि मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन है। क्योंकि जो वाहन जिस कार्य के लिए पंजीकृत होता है, उस वाहन का उपयोग उसी कार्य के लिए किया जा सकता है। इस कारण मारूति वेन को मोटरयान अधिनियम के तहत जप्तकर कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर के परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। वाहन स्वामी द्वारा किये गये उक्त कृत्य के विरूद्ध थाना केन्ट, सागर में आज एफआईआर दर्ज करवाई गई है। लगातार चैकिंग के बाद भी कुछ वाहन स्वामियों द्वारा गैस किट लगाकर स्कूलों में वाहन संचालित किये जा रहे है, जो बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ है, एवं सुरक्षा मानकों के विपरीत है, बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते दृष्टिगत रखत समस्त अभिभावकों से अपील की जाती है कि वह बच्चों को ऐसे स्कूली वाहन में स्कूल न भेजे जो एलपीजी गैस किट से संचालित है, या अनफिट प्रतीत होते है। स्कूल प्रबंधन से अपील की जाती है कि संस्था में ऐसे वाहनों का प्रवेश न होने दे जो गैस किट लगाकर स्कूलों में संचालित किये जा रहे है। पूर्व से जप्त 01 स्कूल बस, 08 आटो रिक्शा, 02 मारूति वेन से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 11 वाहनों से रू. 79500 का जुर्माना वसूला गया है।

## गंगा दशहरा पर निकाली कलश यात्रा

**खुरई।** गंगा दशहरा के मौके पर तोड़ाकाछी गांव में कलश यात्रा निकाली। आयोजन जन अभियान और ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। जिसकी शुरुआत गांव के माताजी मंदिर से हुई। यात्रा गांव के रास्तों से होते हुए पहाड़ी पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंची। यहां महिलाओं ने जल स्त्रोत कुएं का पूजन किया। लाया गया जल कुएं में चढ़ाया। पीपल के पेड़ पर भी जल चढ़ाया। यात्रा के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए। गांव के बच्चों ने जल संरक्षण के नारे लिखी तख्तियां लेकर नारे लगाए। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक धर्म नाड़ीवाल ने महिलाओं और ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताया, जल बचाने प्रेरित किया। मौके पर सरपंच अरविंद रजक समेत समितियों के पदाधिकारी, गांव की महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए।

## खुरई ब्लॉक के 6 शिक्षक सेवानिवृत्त स्टाफ ने सम्मान सहित विदाई दी

**खुरई।** ब्लॉक की शासकीय शालाओं में पदस्थ छह शिक्षक प्रभारी शासकीय सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके सेवानिवृत्त होने पर संबंधित विद्यालयों के स्टाफ और विद्यार्थियों ने विदाई दी। उनके आगामी भविष्य के लिए मंगलकामनाएं कीं। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में नगदा गांव के स्कूल के सहायक शिक्षक शिवकुमार कटारे, बरोदिया नौनगर के संकुल प्रभारी ओमकार ठाकुर और कठैली माध्यमिक शाला की चंद्रकांता खरे शामिल हैं। इनके अलावा रानी दुर्गावती प्राथमिक शाला (ललिता शास्त्री) के सुरेंद्र कटारे, पुत्री शाला खुरई के मस्तान सिंह तथा शासकीय हाईस्कूल पथरिया जेगन के कामता प्रसाद पालीवाल भी सेवामुक्त हुए। इस अवसर पर विद्यालयों में विदाई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के दौरान सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल, श्रीफल और फूल-मालाएं पहनाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण तक निगम कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना 11 वें दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर पालिक निगम के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर सभी कर्मचारी संगठनों द्वारा चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन सोमवार को 11 वें दिन भी जारी रहा। पुरानी निगम कार्यालय भवन परिसर में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं संगठन पदाधिकारी एकत्रित होकर अपनी मांगों के समर्थन में बैठे हैं।




धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी राजेश सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष शईदउद्दीन कुरैशी तथा कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने कहा कि कर्मचारियों की 13 सूत्रीय विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के संबंध में निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में कई बार आश्वासन दिए गए, परंतु अभी तक कोई निराकरण नहीं किया गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार कर्मचारी केवल आश्वासनों पर भरोसा नहीं करेंगे और जब तक 13 सूत्रीय मांगों का ठोस समाधान नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन एवं धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। कर्मचारी संघ के नेताओं ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपने अधिकारों एवं सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। निगम प्रशासन को कर्मचारियों की जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए, ताकि कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष समाप्त हो सके और निगम के कार्य भी सुचारू रूप से संचालित हो सकें। धरना पर नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शईदउद्दीन कुरैशी, मनोज चैबे, चंद्रविजय गौर, सुदेश सनकत, सूरज मछन्दर, राजेंद्र सनकत, राजेंद्र मलैया, कुलदीप बाल्मीक, सुरेंद्र महावत, जगदीश सनकत, शशांक जैन, संजय रैकवार, अरविंद सोनी, हेमराज, सुंदरलाल जैन, जयकुमार, पूरन लाल रैकवार, आनंद केशरवानी, रंजीत साहू, गुड्डा यादव सहित कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बिजली उपकेन्द्र में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट करने पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बम्होरी वितरण केन्द्र के अंतर्गत संचालित 33/11 केव्ही. उपकेन्द्र भैसा में शासकीय कार्य के दौरान कुछ उपद्रियों ने विद्युत सबस्टेशन में अनाधिकृत रूप से घुसकर शासकीय कार्य में बाधा डालने, ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने के संबंध में चार स्थानीय युवको के विरूद्ध पुलिस थाना केन्ट में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला पंजीबंद्ध किया गया है। कनिष्ठ अभियंता बम्होरी रेंगुआ द्वारा पुलिस थाने में की गई शिकायत के मुताबिक ग्राम भैसा के स्थानीय निवासी देवकुमार भदौरिया, दीपू जाटव, दुलारे अहिरवार और भरत अहिरवार सब-स्टेशन की बाउंड्री वॉल फांदकर अनाधिकृत रूप से परिसर के अंदर घुस आए जहॉ पर उन्होने ड्यूटी पर तैनात ऑपरेटर यशवंत कुर्मी से मारपीट करते हुए अभद्र व अश्लील गालियॉं दी। घटना के बीच-बचाव में रात्रिकालीन ड्यूटी पर पदस्थ लाईनमेन माईकल कलस्तु एवं टीम में शामिल विवेक राजपूत, सक्षम शर्मा एवं कैलाश पटेल को भी अभ्रद एवं अश्लील गालिया देते हुए धक्का-मुक्की कर जान से मारने की धमकी देते हुए सबस्टेशन से संचालित पूरे क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित करने का प्रयास किया गया। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय सहिता 2023 की धारा 132 शासकीय कार्य में बाधा पहुॅंचाना, धारा 115 (2) स्वेच्छा से चोट पहुॅंचाना, धारा 296 (बी) अश्लील कृत्य और गालिया देना, धारा 351 (2) आपराधिक धमकी देना एवं धारा 3 (5) व 221 के तहत मामला पंजीबंद्ध किया गया है।



## महापौर संगीता तिवारी ने किया सिंन्धियत जी पाठशाला शिविर का शुभारंभ

**सागर।** सिंधी भाषा, सिंधी गीतों, संत-महापुरुषों एवं सिंधु संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से सिंधी साहित्य अकादमी, भोपाल द्वारा आयोजित "सिंन्धियत जी पाठशाला" शिविर का शुभारंभ श्री झूलेलाल हाई स्कूल, सिंधी कैंप में नगर निगम महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नई पीढ़ी को सिंधी भाषा एवं संस्कृति से परिचित कराने के लिए सिंधी समाज द्वारा प्रारंभ की गई यह एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि "सिंन्धियत जी पाठशाला" के माध्यम से समाज की नई पीढ़ी को धार्मिक एवं सामाजिक संस्कारों के साथ-साथ सिंधी भाषा का ज्ञान भी सहज रूप से प्राप्त होगा। इस प्रकार के आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस अभिनव प्रयास के लिए सिंधी समाज को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजक मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर 1 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में प्रतिभागियों को सिंधी भाषा लेखन, सिंधी गीतों का ज्ञान, संत-महापुरुषों के जीवन-दर्शन तथा सिंधु संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा इस प्रकार के आयोजन प्रतिवर्ष किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी मातृभाषा एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। कार्यक्रम के आयोजन में भारतीय सिन्धु सभा सागर, पूज्य सिंधी पंचायत, श्री झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट, श्री गुरुनानक मंदिर ट्रस्ट तथा सकल सिंधी समाज का सहयोग प्राप्त है।

**विकसित भारत हेतु शिक्षा पर विमर्श विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन**

# जीवन मूल्यों और आदर्शों का समुच्चय है संस्कार: डॉ. गौरीशंकर चौबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय में 'भारतीय शिक्षा दिवस' एवं 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली' के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में "विकसित भारत हेतु शिक्षा पर विमर्श" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत भाषण एवं परिचय संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुकदेव बाजपेयी द्वारा प्रस्तुत किया गया। भारतीय परंपरा के अनुसार अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। संगोष्ठी की प्रस्तावना रखते हुए संस्था के उपकुलाधिपति आदित्य प्रखर तिवारी ने कहा कि भारतीय शिक्षा का वास्तविक महत्व समझने के लिए हमें अपने प्राचीन विद्यालयों एवं विश्व विद्यालयों का अध्ययन करना होगा। शिक्षा में वास्तविक परिवर्तन तभी संभव है, जब शिक्षा स्वायत्त हो। भारतीय ज्ञान परंपरा विश्वबंधुत्व की अवधारणा को साकार करती है।

सारस्वत वक्ता एवं शिक्षाविद् प्रो. ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हमें प्रतिदिन रात्रि में सोने से पूर्व पूरे दिन किए गए अपने श्रेष्ठ




कार्यों का आत्मचिंतन करना चाहिए तथा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद देना चाहिए। यह सकारात्मक आदत आत्मसंतोष, आत्मविश्वास और मानसिक शांति प्रदान करती है तथा अगले दिन और अधिक ऊर्जा, उत्साह एवं सेवा-भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा देती है।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सागर के विभाग संघचालक डॉ. गौरीशंकर चैबे ने कहा कि जीवन मूल्यों और आदर्शों का समुच्चय ही संस्कार है। भारतीय शिक्षा व्यवस्था का इतिहास वैदिक काल से ही समृद्ध, वैज्ञानिक एवं मूल्यपरक रहा है। गुरुकुल परंपरा से लेकर वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था तक भारतीय शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों, कौशल तथा राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास रहा है। भारतीय शिक्षा में जीवनोपयोगी ज्ञान के साथ प्रत्येक विषय का समन्वित समावेश है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। ए.आई. के युग में भी हमें अपनी संवेदनाओं को नहीं भूलना चाहिए।

अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था के कुलाधिपति अजय कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने अपने रचनात्मक कार्यों के माध्यम से शिक्षा और संस्कृति के बीच उत्पन्न अंतराल को भरने का कार्य किया है। शिक्षा वही है, जो हमें सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाए। आनंदमय कोश मानव जीवन की सर्वोच्च चेतना और परम आनंद की अवस्था का प्रतीक है। जब व्यक्ति ज्ञान, संस्कार, आत्मानुशासन और आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में अपनाता है, तब वह आनंदमय कोश की अनुभूति करता है। यही अवस्था व्यक्ति को आंतरिक शांति, संतुलन और जीवन के वास्तविक उद्देश्य की ओर अग्रसर करती है।

कार्यक्रम का आभार ज्ञापन संस्था के कुलगुरु प्रो. ध्रुव कुमार द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा मंच संचालन अंतिमा शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संस्था के दीपक वर्मा, प्रो. नीरज तोपखाने, डॉ. सुनीता जैन, डॉ. ममता सिंह, डॉ. के.के. शुक्ला, एस.डी. श्रीवास्तव, डॉ. सुनीता दीक्षित, डॉ. आशीष यादव, डॉ. उमेश मिश्रा, विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या, पत्नी, पुत्र व 8 वर्षीय नाती समेत तीन गंभीर घायल

# जमीनी रंजिश ने ली एक और जान, दलित परिवार पर आधी रात हुआ खूनी हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में जमीनी विवादों को लेकर हो रही खूनी वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के कंचनपुरा गांव का है, जहां बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक दलित परिवार पर कथित रूप से करीब दो दर्जन लोगों ने सुनियोजित हमला कर दिया। घर में घुसकर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ियों से किए गए इस बर्बर हमले में 60 वर्षीय घनसू उर्फ़ घनश्याम प्रजापति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि उनकी पत्नी, पुत्र और मात्र आठ वर्षीय नाती सहित परिवार के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मासूम की आंख पर इतनी गंभीर चोट आई कि आंख बाहर निकल आने की बात सामने आई है। घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया है।





जानकारी के अनुसार घनसू प्रजापति अपने परिवार के साथ खेत में बने घर में सो रहे थे। देर रात हथियारों से लैस हमलावर अचानक घर में घुस आए और पूरे परिवार पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। सबसे पहले घनसू प्रजापति को निशाना बनाते हुए लाठियों और डंडों से बेरहमी से पीटा गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जब उनका पुत्र पिता को बचाने पहुंचा तो हमलावरों ने उसे भी बुरी तरह पीटा। बीच-बचाव करने आई पत्नी और अन्य परिजनों को भी नहीं छोड़ा गया। आठ वर्षीय नाती पर भी निर्ममता से हमला किया गया, जिससे उसकी आंख गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही मोहनगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा साक्ष्य जुटाए। वारदात के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस जमीनी विवाद को हत्या का प्रमुख कारण मान रही है। साथ ही यह तथ्य भी सामने आया है कि मृतक ने कुछ समय पूर्व गांव के एक कथित झोलाछाप चिकित्सक एवं कुछ अन्य लोगों के विरुद्ध 181 सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि शिकायत से जुड़े लोग और आरोपी पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं। पुलिस इसी एंगल से भी जांच कर रही है और सभी संभावित कारणों को खंगाला जा रहा है। मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे ने बताया कि घायल परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। उनके बयान के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने हमले में शामिल आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए सागर रेंज के आईजी मिथिलेश शुक्ला ने भी टीकमगढ़ पुलिस को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुराने विवादों पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जाती, तो शायद एक और परिवार इस तरह उजड़ने से बच जाता।



## आंगनवाड़ी केंद्रों पर रेडीनेस मेला खेल-खेल में बच्चों ने सीखा हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

पलेरा ब्लॉक के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। मेले में 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को विद्यालय में प्रवेश से पूर्व मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक रूप से तैयार करना तथा उनकी सीखने की क्षमता का आकलन करना रहा। मेले के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। खेल-आधारित इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की रुचि, सहभागिता, आत्मविश्वास और सीखने के स्तर का मूल्यांकन किया गया। आंगनवाड़ी केंद्र नयागांव में आयोजित स्कूल रेडीनेस मेले में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, भोपाल की ओर से देव सिंह लोधी ने सहयोग प्रदान किया तथा गतिविधियों के संचालन एवं मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी भाग लेकर बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते देखा। आयोजन के माध्यम से अभिभावकों को स्कूल पूर्व शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया तथा बच्चों के समग्र विकास में परिवार की सक्रिय भूमिका पर भी जोर दिया गया।

**बच्चों की सीखने की क्षमता का हुआ आंकलन, अभिभावकों की सहभागिता से बढ़ी जागरूकता**

गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता, विकास कार्यों पर नपा की सख्ती

## कलेक्टर के निर्देश पर प्रभारी नपाध्यक्ष व सीएमओ ने किया निर्माण स्थलों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार गुरुवार को डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजली शर्मा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया।

नगर पालिका अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वृंदावन तालाब से डूमरऊ तक निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क का अवलोकन किया। इस दौरान ठेकेदार को सड़क निर्माण निर्धारित तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने निर्माण सामग्री और कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की तथा समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

इसके बाद वार्ड क्रमांक-20 में एसडीआरएफ योजना के तहत निर्माणाधीन नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने निर्माण की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और कार्य की गति का परीक्षण करते हुए संबंधित ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूरा करना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री अजय दीक्षित, दीपक विश्वकर्मा सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 42 पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रथम किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपये की राशि अंतरित की गई। इस राशि से हितग्राही अपने पक्के आवास के निर्माण कार्य की शुरुआत कर सकेंगे। अधिकारियों ने हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए आवास निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा में पूर्ण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के पक्के घर के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जा रहा है।

तेज रफ्तार और डिवाइडर बना मौत की वजह

## नुकीले लोहे के तीर से कटी युवक की गर्दन, एक युवक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात के उद्देश्य से लगाए गए सड़क डिवाइडर अब आम लोगों के लिए जानलेवा साबित होने लगे हैं। डिवाइडरों पर लगी ऊंची और नुकीली लोहे की ग्रिलें हादसों में मौत का कारण बन रही हैं। बुधवार देर रात सिविल लाइन रोड पर हुए दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर इन खतरनाक संरचनाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे के बाद स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है और उन्होंने जिला प्रशासन से डिवाइडरों पर लगी नुकीली लोहे की जालियों को तत्काल हटाने की मांग की है।



बुधवार देर रात तेज रफ्तार से जा रही एक हीरो मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चकरा निवासी 35 वर्षीय बाइक चालक राहुल रजक सीधे डिवाइडर पर जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डिवाइडर पर लगी तीरनुमा नुकीली लोहे की पट्टियां राहुल की गर्दन और सीने में धंस गईं। गर्दन लगभग आधी कट जाने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। लोगों का कहना था कि यदि डिवाइडर पर इस प्रकार की नुकीली लोहे की ग्रिल नहीं लगी होती, तो दुर्घटना में राहुल की जान बच सकती थी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन ने लोगों को बीच सड़क से डिवाइडर पार करने से रोकने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इन लोहे की जालियों को लगाया था, लेकिन अब यही संरचनाएं दुर्घटना के समय जानलेवा हथियार बन रही हैं। लोगों का आरोप है कि सड़क सुरक्षा के नाम पर लगाए गए ये नुकीले अवरोध किसी भी दुर्घटना को सामान्य हादसे से सीधे मौत में बदल सकते हैं। हादसे के बाद शहरवासियों ने जिला प्रशासन और कलेक्टर से मांग की है कि डिवाइडरों पर लगी नुकीली लोहे की ग्रिलों को तत्काल हटाकर उनकी जगह सुरक्षित डिजाइन अपनाई जाए। नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि सिविल लाइन रोड पर रात के समय तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की प्रभावी मौजूदगी नहीं रहती। नियमित गश्त और सख्त यातायात कार्रवाई के अभाव में युवा तेज गति से वाहन दौड़ाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। राहुल रजक की दर्दनाक मौत ने न केवल शहर की यातायात व्यवस्था बल्कि सड़क निर्माण और सुरक्षा मानकों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब लोगों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस हादसे से सबक लेकर डिवाइडरों पर लगी जानलेवा नुकीली संरचनाओं को हटाने के लिए कब तक ठोस कदम उठाता है।

### गैर इरादतन हत्या के मामले में युवक को दबोचा

ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। कोतवाली थाना में दर्ज मु.अ.सं. 449/2026 के तहत बीएनएस की धारा 105, 191(2), 115(2) एवं 352 में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान आरोपी म.प्र. के जिला दतिया के थाना बसई अंतर्गत ग्राम वरधुवां निवासी अजय वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने आरोपी को 30 जून को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत की गई।

## गुम श्रद्धालुओं के पुनर्मिलन पर मिला विशेष प्रशिक्षण

### एसपी मंडलोई ने पुलिस बल को सिखाए मानवीय पुलिसिंग के गुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सिंहस्थ-2028 महापर्व के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण श्रृंखला आयोजित की जा रही है। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशाल धार्मिक आयोजनों में उत्पन्न होने वाली संवेदनशील परिस्थितियों से प्रभावी, व्यवस्थित एवं मानवीय तरीके से निपटने के लिए तैयार करना है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रशिक्षण के पांचवें बैच में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ₹गुम श्रद्धालु प्रबंधन, परिवार पुनर्मिलन एवं जनसहायता प्रणाली₹ विषय पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों में भीड़ के कारण बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और परिजनों का एक-दूसरे से बिछड़ जाना सामान्य स्थिति होती है। ऐसे समय पुलिस की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशील व्यवहार और बेहतर समन्वय श्रद्धालुओं के मन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि किसी श्रद्धालु के गुम होने की सूचना मिलते ही उसकी प्राथमिक जानकारी तत्काल दर्ज की जाए तथा वायरलेस नेटवर्क, कंट्रोल रूम, सहायता केंद्रों और विभिन्न सुरक्षा इकाइयों के बीच तेजी से सूचना का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर कम से कम समय में बिछड़े हुए परिवारों का पुनर्मिलन कराया जाए। प्रशिक्षण में बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं के प्रति विशेष संवेदनशीलता बरतने, अस्थायी सहायता केंद्रों के संचालन, पहचान सत्यापन की प्रक्रिया, भीड़ में घबराए श्रद्धालुओं को मनोवैज्ञानिक सहयोग उपलब्ध कराने तथा स्वयंसेवी संस्थाओं और प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन की सफलता केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं होती, बल्कि जरूरतमंद श्रद्धालुओं को समय पर सहायता उपलब्ध कराना भी पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से सेवा भावना, धैर्य और मानवीय दृष्टिकोण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सहायता केंद्र ऐसा होना चाहिए, जहां कोई भी श्रद्धालु बिना किसी संकोच के अपनी समस्या बता सके और उसे तत्काल सहायता मिल सके। प्रशिक्षित, संवेदनशील और जनसेवा के प्रति समर्पित पुलिस बल ही श्रद्धालुओं का विश्वास मजबूत कर सकता है।

**खेल-खेल में बच्चों ने सीखे नए गुर**

## मानिकपुरा आंगनवाड़ी में लगा स्कूल रेडीनेस मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के ग्रामीण सेक्टर अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र मानिकपुरा में गुरुवार को स्कूल रेडीनेस मेला एसआरएम का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य बच्चों को खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करना तथा उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना था। पूरे आयोजन में बच्चों के साथ उनके माता-पिता, दादा-दादी एवं अन्य परिजनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

मेले में बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास तथा फीडबैक सहित कुल छह गतिविधि स्टॉल लगाए गए। प्रत्येक स्टॉल पर स्वयंसेवकों ने बच्चों को खेल-खेल में सीखने की विभिन्न गतिविधियां कराईं, जिससे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और सीखने की क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता कुशवाहा ने किया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से इरम अंसारी एवं पवन अहिरवार ने पूरे आयोजन में सहयोग प्रदान करते हुए विभिन्न गतिविधियों का सतत मार्गदर्शन एवं अवलोकन किया। कार्यक्रम के निरीक्षण के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी डीपीओ उदल सिंह ठाकुर, पोषण विभाग से अनंत तिवारी, सुपरवाइजर रमा कांति खरे तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से एमएमई लेखन सिंह किरार एवं डीसी आशीष त्रिपाठी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मेले की गतिविधियों का अवलोकन कर बच्चों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने कहा कि बच्चों के चेहरों पर दिखाई देने वाली खुशी यह साबित करती है कि ऐसे आयोजन उनके सीखने की क्षमता, आत्मविश्वास और समग्र विकास को नई दिशा देते हैं। सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों, स्वयंसेवकों एवं अभिभावकों के सामूहिक सहयोग से स्कूल रेडीनेस मेला सुव्यवस्थित, सफल और आनंदमय वातावरण में संपन्न हुआ।

**एसपी मंडलोई के नेतृत्व में साइबर अपराधों से सतर्क रहने का दिया संदेश**

# सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत पुलिस की मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 24 जून से 8 जुलाई तक प्रदेशभर में संचालित 'सेफ क्लिक अभियान 2.0' के तहत गुरुवार को पुलिस लाइन मैदान में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, जवानों एवं युवा खिलाड़ियों ने मानव श्रृंखला बनाकर साइबर सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में साइबर सुरक्षा संबंधी संदेश लिखी तख्तियां और राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल से संबंधित पंपलेट लेकर लोगों को ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने का संदेश दिया। मानव श्रृंखला के माध्यम से नागरिकों को फर्जी लिंक, फर्जी क्यूआर कोड, नकली यूपीआई भुगतान, ओटीपी साझा करने, बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी देने जैसी साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही डिजिटल लेन-देन के दौरान सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है तो वह बिना समय गंवाए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करे अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराए। समय पर शिकायत दर्ज होने से ठगी गई राशि को होल्ड कराने और वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है।





पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। थोड़ी-सी सावधानी और सही जानकारी से अधिकांश साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'सेफ क्लिक अभियान 2.0' का उद्देश्य जिले के प्रत्येक नागरिक तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाना और उन्हें डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के लिए जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों से अवगत होकर स्वयं और दूसरों को डिजिटल ठगी से सुरक्षित रख सकें।

मेडिकल संचालक पर लापरवाही का आरोप, एफआईआर की मांग

# युवक की मौत पर परिजनों का हंगामा, घेरा कोतवाली थाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर नगर क्षेत्र निवासी एक 25 वर्षीय युवक की एक मेडिकल स्टोर पर इलाज कराने के बाद उसकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर गुरूवार को मृतक के परिजनों सहित समाज के लोगो ने हंगामा करते हुए कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। परिजनों का आरोप है कि युवक की मौत मेडिकल स्टोर संचालक के गलत इलाज के कारण हुई है। इसलिए मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसडीओपी राजीव गुप्ता ने मृतक के परिजनों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा दिए गए आवेदन पर नियमानुसार जांच कराए जाने के बाद कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया है। जांच के बाद कार्रवाई के आश्वासन के बाद आक्रोशित लोगों का हंगामा शांत हुआ।

पुलिस के मुताबिक ग्राम कौशलपुर निवासी ओमप्रकाश 25 वर्ष पुत्र राजू अकोदिया यहां शहर के वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर नगर क्षेत्र में किराए से रहता था और ऑनलाइन का काम करता था। बुधवार को ओमप्रकाश की अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद वह पाली रोड पर नर्सरी के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर पर पहुंचा और दवाए ली। इससे युवक को आराम मिलने के बाद बजाए उसकी तबीयत और बिगड गई। जिसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे कोटा के लिए रैफर कर दिया गया। मगर उसकी कोटा ले जाते समय शहर श्योपुर में ही बंजारा डैम के पास मौत हो गई। जिसके बाद परिजन उसे वापस जिला अस्पताल ले आए। कोतवाली थाना पुलिस ने मृतक के पिता की सूचना पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो दिन पहले ही गोवा से लौटा था ओमप्रकाश

बता दे कि ओमप्रकाश दो दिन पहले ही यानि 29 जून को गोवा से घूमकर लौटा था,वह दोस्तो के साथ गोवा घूमने के लिए गया था। इसके बाद ही उसे बुखार और कमजोरी की शिकायत हुई। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी आठ माह की गर्भवती है। युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### मेडिकल स्टोर संचालक के गलत इलाज से हुई मौत:परिजन

युवक ओमप्रकाश की बुधवार को मौत हो जाने के बाद परिजनों सहित समाज के लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने गुरूवार की सुबह हंगामा करते हुए कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। परिजनों के साथ पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज सिंह जाट, समाजसेवी बिहारी सिंह सौलंकी सहित अन्य जनप्रतिनिधी व समाजीय लोग भी कोतवाली थाने पहुंचे थे। मृतक के परिजनों का आरोप है कि ओमप्रकाश की मौत मेडिकल स्टोर संचालक के गलत इलाज के कारण हुई है। हल्की और कमजोरी महसूस होने की दिक्कत के चलते ओमप्रकाश नर्सरी के पास मौजूद मेडिकल पर पहुंचा, जहां मेडिकल स्टोर संचालक के द्वारा उसे बोलत चढाकर उसका इलाज कर दिया। लेकिन इलाज गलत तरीके से कर दिया,जिसकारण उसकी तबीयत बिगडने के बाद उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों सहित अन्य प्रदर्शनकारी लोगों ने मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। साथही ये भी चेतावनी दे डाली कि एफआईआर दर्ज होने के बाद ही हम कोतवाली थाने से हटेगे। बाद में मृतक के परिजन एसडीओपी के आश्वासन पर शांत हो गए।

### इनका कहना...

युवक की मौत के मामले जांच के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कह पाना संभव हो पाएगा। फिलहाल मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। जांच के दौरान जो स्थिति सामने आएगी,उसके मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**राजीव गुप्ता**
**एसडीओपी,श्योपुर**

पहले डीएम अब विधायक की व्हाट्सएप आईडी हैक, साइबार अपराधी दे रहे चुनौती

# विधायक जंडेल का मोबाइल हैक परिचितों से मांगे 60 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में साइबर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि आम आदमी तो छोड़ो जिले के शीर्ष अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की व्हाट्सएप आईडी भी हैक कर रुपए मांगे जा रहे हैं। इतने बड़े लोगों के नाम से रुपए मांगने से जहां आम आदमी प्रभावित होकर हैकर द्वारा बताए नंबर पर रुपए पैसे डालकर लूटा जा रहा है वहीं जनप्रतिनिधि और आला अधिकारियों के नाम से रुपए मांग कर उनकी छवि भी खराब की जा रही है। इसकी बानगी इन दिनों सोशल मीडिया पर विधायक बाबू जंडेल द्वारा डाली जा रही पोस्ट है जिसमें उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि उनकी व्हाट्सएप आईडी किसी हैकर ने हैक कर ली है इसलिए उनके द्वारा की जाने वाली सोशल मीडिया पर रिक्वेस्ट कतई स्वीकार न करें अगर ऐसी कोई रिक्वेस्ट आती है तो वह सीधे कॉल लगाकर संपर्क करें। ज्ञात हो कि इससे पहले तत्कालीन कलेक्टर शिवम वर्मा की आईडी भी हैक कर ली थी जिसमें भी उनके द्वारा उनके रीडर से खाते में रुपए डलवाने को बोला गया था।

जानकारी के अनुसार विधायक जंडेल के कुछ समर्थकों के मोबाइल पर विधायक बाबू जंडेल के नाम वाले मोबाइल नंबर जिस पर विधायक का फोटो भी लगा था की तरफ से यह मैसेज भेजा गया कि उन्हें 60 हजार की तत्काल जरूरत है अभी डाल दें मैं बाद में खाते में डलवा दूंगा मेरा मोबाइल नहीं चल रहा है। इस तरह की रिक्वेस्ट कई मोबाइलों पर आई हालांकि विधायक से जुड़े लोग इस बात को जानते हैं कि वह इस तरह की रिक्वेस्ट कभी किसी से सोशल मीडिया पर नहीं करते वह मोबाइल पर सीधे संवाद करते हैं और आज तक उन्होंने किसी से कोई उधार भी नहीं मांगा। जिसके चलते संबंधितों ने तत्काल ही विधायक को कॉल लगाकर स्थिति की जानकारी ले ली जिससे पता चला कि उनका मोबाइल हैक हो गया है सूचना मिलने के बाद विधायक ने तत्काल अपनी फेसबुक आईडी से अपील डाल दी कि उनका मोबाइल किसी हैकर ने हैक कर लिया है कृपया उनके नाम से फर्जी रिक्वेस्ट स्वीकार न की जाए जरूरत पड़े तो वह उन्हें सीधे कॉल लगा ले। विधायक ने तो जागरूकता के चलते अपने मित्रों शुभचिंतकों को लुटने से बचा लिया लेकिन हैकर आए दिन किसी व्यापारी की किसी आम आदमी की आईडी हैक कर उनके खास यार दोस्तों से पैसे अपने खाते में डलवा रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इतने बड़े अधिकारी जनप्रतिनिधियों की आईडी हैक होने के बावजूद लोग इन अपराधियों को अपराध करने से रोका नहीं जा रहा है, कानून के लंबे हाथ अपराध करने की तकनीक के आगे बोने कैसे साबित हो रहे है यह भी विचरणीय प्रश्न है।

# सरकारी स्कूलों में दिव्यांगजनों की नि:शुल्क शिक्षा पर कुठाराघात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दिव्यांग बच्चों को शिक्षा में सामान्य श्रेणी के समान अवसर मिले इसलिए उन्हें छात्रवृत्ति के साथ-साथ निशुल्क शिक्षा का अधिकार भी सरकार ने दिया है। लेकिन इस अधिकार का पालन शायद श्योपुर जिले के सरकारी स्कूलों में नहीं हो पा रहा है जिले के सभी स्कूलों में कक्षा 9 वीं से दिव्यांग छात्र-छात्राओं से भी फीस वसूली जा रही है। इस संबंध में शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने व्यवस्था है सुधारने का आश्वासन दिया है लेकिन प्रश्न यही उठ रहा है कि जब शासन के निर्देश स्पष्ट है तो फिर स्कूल प्रिंसिपल संबंधितों से इस तरह की फीस की मांग कर ही क्यों रहे हैं।

गुरुवार को बड़ा इमामबाड़ा पर रहने वाले असलम खान अपनी बेटी को कक्षा 9 वीं में भर्ती कराने के लिए कन्या उमावि में पहुंचा जहां क्लास टीचर ने उसे 1450 रुपए फीस जमा करने का पर्चा पकड़ा दिया। चूंकि असलम की पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं थी और उस समय उसके पास पैसे भी नहीं वह कल पैसे जमा करने की बात बोलकर वापस घर आ गया लेकिन उसने उसे यह किसी ने बताया हुआ था कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा निशुल्क मिलती है जब वह इस बात को लेकर स्थानीय पार्षद के पास पहुंचा तो पार्षद ने उससे जानकारी लेने के बाद बता दिया कि शिक्षा तो निशुल्क नहीं है उसके लिए फीस निर्धारित है लेकिन दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा निशुल्क है और उसकी बेटी दिव्यांग है जिसके पास मेडिकल बोर्ड का दिव्यंता वाला प्रमाण पत्र भी है पार्षद द्वारा बात करने पर स्कूल प्रबंधन में उसकी फीस माफ करने की बात तो बोल दी लेकिन यह इकलौता मामला नहीं है। जिले के सभी स्कूलों में इस तरह की फीस दिव्यांग छात्राओं से ली जा रही है जो शासन के निर्देशों की अवहेलना है इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र कई बार दिशा निर्देश जारी कर चुका है कि 6 वर्ष से लेकर स्कूल में भर्ती होने वाले किसी भी दिव्यांग छात्र छात्रा से कक्षा 12 वीं तक किसी तरह की फीस न ली जाए और उन्हें हर तरह की सुविधा स्कूल में मुहैया कराने के इंतजाम किया जाए। इसके बावजूद दिव्यांग विधर्थियों से फीस मांगना व्यवस्था में खामी जरूर साबित कर रहा है।

### इनका कहना...

मैं अपनी बेटी को कक्षा नौवीं में भर्ती कराने के लिए स्कूल ले गया था जहां मुझे 1450 रुपए फीस मांगी गई। जब मेने यह बात अपने पार्षद को बताई तो बात करने पर संबंधित टीचर ने फीस माफ करने को बोल दिया है।

**असलम खान**
**दिव्यांग छात्रा के पिता**

कक्षा 12वीं तक किसी भी दिव्यांग विद्यार्थी से फीस नहीं लेनी है बल्कि उसे उसकी अक्षमता अनुसार हर तरह की सुविधा स्कूल के भीतर उपलब्ध करानी है यह निर्देश समय-समय पर जारी किए जाते रहे हैं किसी स्कूल में दिव्यांग छात्रा से फीस मांगी गई है इसकी जानकारी मुझे आपसे मिली है जानकारी मंगवाकर देखता हूं।

**यश जैन**
**डीईओ श्योपुर**

# स्कूलों में पहुंच रही पुलिस, छात्रों को बता रही ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर







सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत श्योपुर पुलिस एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अपने अपने क्षेत्र के स्कूल और कॉलेज में पहुंचकर छात्र छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर रही है। ताकि वे ऑनलाइन ठगी के शिकार होने से बच सके।इसी क्रम में कोतवाली थाना पुलिस की एक टीम श्योपुर स्थित शासकीय कन्या उमावि में पहुंची। कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर के निर्देश पर कन्या स्कूल श्योपुर में पहुंचे कोतवाली थाने के दरोगा रामबिहारी सिंह परमार ने स्कूली बालिकाओ और शिक्षकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। उधर रघुनाथपुर थाना प्रभारी शशि तोमर के नेतृत्व में रघुनाथपुर थाने की पुलिस टीम भी रघुनाथपुर के स्कूल में पहुंची।दोनो जगह आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने स्टूडेंट्स को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कस्टमर केयर, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग लिंक और सोशल मीडिया फ्रॉड से बचने के तरीके बताए। साथ ही उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए जागरुक किया गया। उन्होने बताया कि गूगल पर दिखाई देने वाला हर कस्टमर केयर नंबर सही नहीं होता। साइबर ठग फर्जी नंबरों के जरिए लोगों से बैंकिंग जानकारी, ओटीपी और पिन हांसिल कर खाते से रकम निकाल लेते हैं। किसी भी संस्था का नंबर केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल एप से ही प्राप्त करें। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। उन्होंने स्वयं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, परिवार और मित्रों को जागरूक करने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का संकल्प लिया।

# इस साल 27वीं जाएगी डिग्गी पैदल यात्रा, कल होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

राजस्थान के डिग्गी मालपुरा में विराजित श्री कल्याणधणी के दर्शनों के लिए हर साल श्योपुर से पैदल यात्रा जाती है। इस साल श्योपुर से 27 वीं पैदल यात्रा जाएगी। इस 27 वीं पैदल यात्रा को लेकर समिति एक बैठक 4 जुलाई शनिवार को दोपहर एक बजे से होटल मान सिंह पैलेस में बुलाई गई है। इस संबंध में पैदल यात्रा समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र मीणा पच्चीपुरा ने बताया कि इस बैठक में पैदल यात्रा को लेकर नवीन कार्यकारिणी गठित की जाएगी। इसके साथही पैदल यात्रा किस तारीख को रवाना होगी, इसको लेकर भी तारीख निर्धारित की जाएगी।



### वीबी जी राम जी योजना का शुभारंभ

**श्योपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी जी राम जी योजना के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में आयोजित हुआ। जिसमें सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, परियोजना अधिकारी विक्रम जाट सहित पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न पंचायतों के सरपंचगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर द्वारा किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके पश्चात ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# सिद्धबाबा की पहाडी पर पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला प्रेमी जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विजयपुर थाना क्षेत्र में सिद्ध बाबा की पहाडी पर गुरूवार सुबह एक पेड से युवक युवती के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले। दोनो के शव एक ही दुपट्टे से एक दूसरे को बाहों में भरने जैसी स्थिति में लटके हुए है। दोनो युवक युवती आपस में पे्रमी है। पुलिस ने शवों की शिनाख्ति करने और मुरैना से बुलाई गई एफएसएल टीम की जांच के बाद दोनों के शवों को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और पीएम के लिए विजयपुर अस्पताल में पहुंचाया गया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विजयपुर टीआई राजन सिंह गुर्जर ने बताया कि फांसी के फंदे पर लटकी मिली युवती की पहचान वंदना जाटव तथा लडके की पहचान कल्ला जाटव के रूप में हुई है। वंदना जाटव विजयपुर की रहने वाली है और उसकी ससुराल मुरैना जिले के मढीपुरा गांव है। कल्ला जाटव वंदना जाटव के रिश्ते में देवर लगता है जो कि उसके चचिया ससुर का लडका है। दोनों आपस में प्रेमी है। मार्च के महिने में वंदना गुर्जर कल्ला के साथ भागकर गुजरात चली गई थी। जिसकी गुमशुदगी विजयपुर थाने में दर्ज हुई थी। बाद में वंदना को दस्त्याब कर परिजनो के सुपुर्द कर दिया। अब इसके बाद अचानक से दोनो के शव एक साथ फांसी के फंदे पर लटके मिले है। जिसकी जांच की जा रही है।

डेढ़ लाख से अधिक मवेशियों के साथ परिवार सहित पलायन कर जाते हैं गुर्जर मारवाड़ी परिवार

# "आ अब लोट चलें"गर्मी से पालयनित गांवों में मवेशियों के साथ लौटने लगे पशुपालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



जिले के वनांचल में गर्मी शुरू होते ही पशु पालक डेढ़ लाख से ज्यादा गिर नश्ल की गाय और दूसरे मवेशियों को लेकर वनांचल से शहर में पलायन कर जाने वाले गुर्जर मारवाड़ी समुदाय से जुड़े सेंकड़ो परिवार मानसून की आहट होते ही वापस जंगल की और लौटने लगे हैं।

हर साल गर्मी में नदी नाले सूख जाने और हरा चारा की कमी हो जाने से सेंकड़ो की संख्या में मवेशी पालक किसान जो जंगल में अपने मवेशियों के साथ ही रहते हैं जंगल से पलायन कर शहर की और आ जाते हैं। यहां से वह कई गांवो में खाली पड़े खेतों में मवेशियों सहित डेरा डाल देते हैं। खेतों में फसल के बचे अवशेष मवेशियों को खिलाकर गर्मी में हो जाने वाली चारा पानी की कमी दूर करते हैं और फिर बारिश शुरू होने के बाद ही वापस लौटते हैं, जिसके चलते इन दिनों शहर की सड़कों पर विभिन्न गांवो से जंगल की और जाते मवेशियों के झुंड देखे जा रहे हैं।

### पानी सबसे बड़ी परेशानी

जंगल में गाय पालने वाले पशुपालक गर्मियों के मौसम में चारे का तो कैसे भी करके इंतजाम कर लेते है, लेकिन नदी-नालों के सूख जाने की वजह से उनके गांवों के ट्यूबवेल और हैंडपंप भी जबाब दे देते है। जिससे वनांचल के इन गांवों में इंसानों को भी पीने का पानी दूर-दराज के गांवों से ढोकर लाना पड़ता है। ऐसे हालातों में गायों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाना नामुमकिन हो जाता है। जिससे ग्रामीणों को गायों के साथ पलायन करना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही है कि उनके गांवों के पास बडे डैम बनाए जाएं जिनमें सालभर पानी रहे।

### कराहल विकासखंड से अधिक होता है पलायन

हर साल की तरह इस साल भी कराहल के पिपरानी, गोरस, कलमी, डोब, खूटका सहित दर्जन भर से ज्यादा गांव मारवाड़ी समाज के लोग श्योपुर विकासखंड के बड़ोदा बत्तीसा क्षेत्र, प्रेमसर, सोई दारदा क्षेत्र में मवेशी लेकर आए थे जो अब दो से अधिक महीने खेतों में गुजार कर वापस लौटने लगे हैं। ये लोग गिर नश्ल की गाय का पालन करते हैं। इनके पास डेढ़ लाख से ज्यादा गाय हैं। बरसात और सर्दी के दिनों में तो पशुपाल गायों के साथ इन गांवों में ही रहते हैं, लेकिन गर्मियां शुरू होते ही यहां के पशुपालक अपनी गायों के साथ गांव खाली कर जाते हैं।

### यूपी तराई वाले क्षेत्र तक चराने ले जाते हैं मवेशी

हालांकि कराहल विकासखंड से अधिकतर पशु पालक अपने मवेशी श्योपुर से जुड़े विभिन्न गांवो में खाली पड़े खेतों में चराने ले जाते हैं लेकिन संत आशाराम गौशाला संचालक और कुछ गांवो के पशुपालक किसान अपने गोवंश को चराने के लिए यूपी तक ले जाते हैं।गर्मी का दौर शुरु होते ही यह पशुपालकों गायों के साथ पलायन कर जाते हैं । वीरपुर क्षेत्र में सड़क से होकर सैकड़ों गिर नश्ल की गायों के झुंड को पशु पालक श्योपुर जिले से अपनी गायों को पैदल-पैदल उत्तर प्रदेश में गंगा नदी के किनारे तक लेकर पहुंचते है। संत आशाराम गौशाला का तो ये रूटीन वर्क हैं साधक गायों को लेकर गंत्व को जाते हैं जिन्हें गौशाला संचालक माला पहनाकर और तिलक लगाकर भेजते हैं जो दो तीन महीने वहां गुजार कर बारिश में ही लौटते हैं।

### इनका कहना...

कराहल क्षेत्र में गर्मियों के दिनों में इंसानों के लिए पानी का इंतजाम मुश्किल हो जाता है। ऐसे में गायों के लिए पानी का इंतजाम हो पाना बेहद मुश्किल भरा रहता है, चारा-पानी के इंतजाम नहीं होने की वजह से हमारे समाज के लोगों को गायों को लेकर हर साल गर्मी शुरु होते ही पलायन करना पड़ता है।

**देवा शंकर गुर्जर,**
**पशुपालक, गोरस**

# आंगनवाडी केन्द्रों पर लगे रेडीनेस मेले, जिपं सीईओ ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की साझेदारी में श्योपुर सहित प्रदेश के चार जिलो भोपाल, रायसेन एवं टीकमगढ़ जिलों में संचालित समर कैम्प 2026 स्कूल के लिए तैयार कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को आंगनवाडी केन्द्रों पर द्वितीय स्कूल रेडीनेस मेले आयोजित किए गए। इसी क्रम में श्योपुर जिले में संचालित आंगनवाडी केन्द्रों पर भी मेलों का आयोजन किया गया।

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के राज्य प्रमुख सज्जन सिंह शेखावत ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के अंतर्गत आंगनवाड़ी से कक्षा-1 में प्रवेश लेने वाले 5 से 6 आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुरूवार को श्योपुर जिले के आंगनवाडी केन्द्रों पर यह मेला आयोजित किया गया। मेलो के दौरान बच्चों की भाषा, गणित, संज्ञानात्मक, सामाजिक भावनात्मक एवं शारीरिक विकास से जुडी मूल्यांकन गतिविधिया आयोजित की है। जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने भी आंगनवाडी केन्द्रों का भ्रमण करके इन मेलों का जायजा लिया। उन्होने बच्चों के मूल्यांकन की प्रक्रिया को बारीकी से देखा, आंगनवाडी कार्यकर्ताओ एवं अभिभावको से संवाद किया तथा कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के समग्र विकास के लिए एक सराहनीय पहल बताया है।

## खबर संक्षेप

### युवक ने जामुन के पेड़ पर फांसी लगाई

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत रावस्वरूप पुत्र दिलवर आदिवासी उम्र 45 साल निवासी हिन्नोदा ने वृंदावन आदिवासी के घर के बाहर खेत में खडे जामुन के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की सेहराई पुलिस ने ग्राम अमनचार निवासी शिशुपाल आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने महुआखोडी निवासी कमलाबाई बागड़ी के यहां से 05 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने ही सुमित्राबाई बांगडी निवासी महुआखाड़ी के पास से 06 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की चंदेरी पुलिस ने सुरेन्द्र बुंदेला निवासी बांकलपुर के पास से 05 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी अंशुल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवम साहू और विशाल वंशकार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घायल अंशुल साहू ने बताया कि विशाल वंशकार और शिवम साहू व उसके कुछ साथी मोहल्ले में रंगराली करते हैं और पैसे मांगते हैं न देने पर मारपीट करते हैं। जब उसने पैसे नहीं दिए तब उससे भी मारपीट की गई। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से शिवानी साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविन्द्र अंशुल और मुकेश साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बालाभेंट जिला ललितपुर निवासी सुजान आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बलवीर, बृजभान बैजनाथ और भानसिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित



**अशोकनगर।** शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत वित्तीय समावेशन से पात्र हितग्राहियों तक समयवद्ध रूप से लाभ पहुंचना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डी.एल.सी.सी) की बैठक में बैंकर्स एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने निर्देश दिये कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत संबंधित विभाग पात्र हितग्राहियों के अधिक से अधिक प्रकरण तैयार कर बैंकों को स्वीकृति तथा ऋण वितरण हेतु प्रेषित करें। सभी बैंकर्स निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप लक्ष्य पूर्ति करना सुनिश्चित करें। त्रैमासिक लक्ष्यों के अनुरूप लक्ष्य पूर्ति करना सुनिश्चित करें।

### हितग्रहियों को राशि का किया अंतरण




**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्य प्रदेश के सिवनी जिले से सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना के हितग्रहियों को राशि का किया अंतरण किया गया। जिला स्तर पर एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय, सहायक श्रम अधिकारी सुरभि रघुवंशी सहित हितग्राही उपस्थित हुए। अशोकनगर जिले के 152 हितग्राहियों को 03 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि का अंतरण किया गया।

---

जांच टीम अशोकनगर पहुंची, लेकिन एक भी सीएमओ जांच टीम के सामने नहीं आया

# चंदेरी विधायक की शिकायत के बाद नगरीय निकाय विभाग हुआ सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में करीब 5 साल पहले हुए 5 करोड़ के एक बड़े वित्तीय भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला तब सामने आया है। जब चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा इस घोटाले की शिकायत लोकायुक्त में की गई, जिसके बाद नगरीय निकाय विभाग सक्रिय हुआ और एक जांच दल अशोकनगर पहुंचा। लेकिन एक भी सीएमओं जांच दल के सामने हाजिर नहीं हुआ।

### क्या है पूरा मामला भ्रष्टाचार बनाम आजीविका मिशन प्रशिक्षण

जिले की चंदेरी विधानसभा से विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने 19 जुलाई 2024 को लोकायुक्त एसपी (ग्वालियर) को एक लिखित शिकायत सौंपी थी। इस शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पिछली परिषद के वर्ष 2021-22 के दौरान जिले के चार नगरीय निकायों- अशोकनगर, चंदेरी, ईसागढ़, मुंगावली,पिपरई, शाढौरा में नियमों को ताक पर रखकर एक सोची-समझी आपराधिक साजिश को अंजाम दिया गया। मिलीभगत मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सिटी मिशन मैनेजर और योजना शाखा के प्रभारियों ने आपस में सांठगांठ की। बैंक खाते का दुरुपयोग इस फर्जीवाड़े के लिए पंजाब नेशनल बैंक (शिवाजी नगर, भोपाल) के एक खाते का इस्तेमाल किया गया। कागजों पर ट्रेनिंग दिखाकर इस खाते के जरिए कुल 1,013 प्रशिक्षणार्थियों को फर्जी तरीके से आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षित होना दर्शाया गया।

### इन नगरीय संस्थाओं में इन ट्रेड के लिए प्रशिक्षण दिखाया

जिसमें नगरपालिका अशोकनगर में ट्रेड मशीन मेंटीनेंश स्विंग मशीन के लिए 180 प्रशिक्षणार्थी, सोलर पैनल स्टॉलेशन के लिए नगरपरिषद अशोकनगर में 30 और नगर परिषद चंदेरी में 120, नगरपरिषद मुंगावली में सोलर पैनल इंस्टॉलेशन एवं फ्रंट आफिस एक्यूकेटिव व एकांउट एक्यूकेटिव के लिए 420 प्रशिक्षणार्थी तथा ईसागढ नगरपरिषद में एकांउट एक्यूकेटिव 86, शाढ़ौरा में एकांउट एक्यूकेटिव 90 पिपरई नगरपरिषद में एकांउट एक्यूकेटिव 87 का प्रशिक्षण संख्या दिखाई गई।हद तो तब हो गई जब 495 प्रशिक्षणार्थियों को फर्जी तरीके से स्व-रोजगार से जुड़ा बताकर सरकारी राशि का आहरण कर लिया गया। सीधे खातों में ट्रांसफर शासकीय नियमों का खुला उल्लंघन करते हुए ट्रेनिंग एजेंसियों के खातों में सीधे करोड़ों रुपये ट्रांसफर कर ठिकाने लगा दिए गए।

### दो साल बाद हरकत में आया नगरीय प्रशासन विभाग

लोकायुक्त की जांच का दायरा बढ़ते ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग (मप्र) भी सक्रिय हो गया है। नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे के निर्देश पर इस घोटाले की तह तक जाने के लिए तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच दल का गठन किया गया है। देवकीनंदन सिंह परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण, आनंद कुमार सहायक संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल, बबिता मरकाम सहायक संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल शामिल हैं।

### नदारद रहे मुख्य नपा अधिकारी

इस मामले में प्रशासनिक शिथिलता और अधिकारियों का डर साफ तौर पर सामने आ गया है। कलेक्टर (शहरी विकास), अशोकनगर द्वारा बीते 16 जून को ही चारों नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए थे। सभी चारों सीएमओ को 29 जून को जांच समिति के समक्ष सारे मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के आदेश दिए गए थे। लेकिन, कार्रवाई के डर से या किसी अन्य वजह से, निर्धारित तारीख पर एक भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी जांच समिति के सामने हाजिर नहीं हुआ।

---

बाबा अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना

# 60 श्रद्धालु करेंगे बाबा बर्फानी व माता वैष्णोदेवी के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

बुधवार को मालवा एक्सप्रेस से पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के लिए बीना से 60 श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ। श्रद्धालुओं को विदा करने के लिए रेलवे स्टेशन पर परिजन एवं धर्मप्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। करीब 10 दिनों की इस धार्मिक यात्रा में श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन करने के साथ माता वैष्णोदेवी के भी दर्शन करेंगे।

यात्रा दल के संयोजक मुन्नू पाराशर ने बताया कि वे वर्ष 1993 से लगातार 31वें वर्ष क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बाबा अमरनाथ यात्रा पर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा बर्फानी की यात्रा आस्था, श्रद्धा और कठिन तपस्या का प्रतीक है तथा हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यात्रा अनंतनाग जिले के पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवांझपहलगाम मार्ग तथा गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से संपन्न होगी।

यात्रा पूरी करने के बाद श्रद्धालु माता वैष्णोदेवी के दर्शन कर वापस लौटेंगे। मुन्नू पाराशर ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का अनिवार्य पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण (मेडिकल जांच) एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई जाती हैं। सभी प्रक्रियाओं में पात्र पाए गए श्रद्धालुओं को ही यात्रा दल में शामिल किया जाता है। बीना से रवाना हुए पहले जत्थे के साथ श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

### वीबी जी रामजी के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय जन सम्मेलन का आयोजन 02 जुलाई को होगा

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) बीबी राम जी के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय जन सम्मेलन सह लॉच कार्यक्रम का आयोजन 2 जुलाई 2026 को प्रातः 10 बजे से शासकीय विधि कानून महाविद्यालय ग्राम बरखेड़ी अशोकनगर में किया गया है। कार्यक्रम के सुचारू सफल आयोजन की व्यवस्थाओं हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

---

# लिपिक को धमकाने के मामले में पीजी कॉलेज प्राचार्य पर मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शासकीय पीजी कॉलेज की मुख्य लिपिक प्रभारी की शिकायत पर पुलिस ने प्राचार्य एवं एक चपरासी के खिलाफ गाली गलौज, झूमा-झपटी एवं धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि फरयादिया अनीता रोहित पति प्रमोद कुमार रोहित उम्र 45 साल निवासी राजीव वार्ड ने थाना आकर मौखिक रिपोर्ट लेख कराई कि वह शासकीय पीजी कॉलेज में बाबू (मुख्य लिपिक प्रभारी) के पद पर पदस्थ है। कॉलेज प्राचार्य रेखा बरेठिया है, जो अनावश्यक मुझ पर दवाब बनाती है तथा मानसिक रूप से प्रताडित करती है।

### पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया

अतिथि विद्वान शासकीय पीजी कॉलेज के साथ मिल कर ख़रीदा है। 30 जून को दिन के करीब 11.30 बजे अनीता तथा जितेन्द्र खांडेराव घर पर थे। उसी समय प्राचार्य डॉक्टर रेखा बरेठिया अपने चपरासी बद्री प्रसाद के साथ आई तथा घर के बाहर खड़े होकर मुझे गंदी गंदी गालियां देने लगे। गालियां देने से मना किया तो प्राचार्य रेखा बरेठिया ने मेरे साथ झूमा झपटी की। मौके पर जितेन्द्र खांडेराव व रोहित अहिरवार खडे थे। जिन्होने घटना देखी सुनी व बीच बचाव किया। साथ ही दोनों ने रिपोर्ट करने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है।



### महिला जैन मिलन ने डॉक्टर डे पर किया डॉक्टर का सम्मान

**अशोकनगर।** डॉक्टर डे पर अध्यक्ष श्वेता भोपाली मंत्री प्रीति बाबा बाबा मेडिकल कोषाध्यक्ष अंजू कांसल समस्त वीरांगनाओं के साथ जैन नर्सिंग होम में डॉक्टरों का सम्मान किया गया। जिनमें डॉक्टर डीके जैन डॉक्टर केतन अरोड़ा,डॉक्टर निलेश जैन आदि शामिल हैं। इस मौके पर महिला जैन मिलन की ओर से श्वेता भोपाली अंजू कांसल नीतू आलीशान दीप्ति कांसल हर्षित जैन यीशु कासल शैलजा खेरा ममता जैन लक्ष्मी जैन संगीता जैन दीप्ति टडैया रागनी पंसारी रेखा अमन फर्नीचर योगिता जैन नेहा जैन ज्योति कमल बर्तन सीमा जैन सुलेखा जैन आदि रहे मौजूद।

# बिना अनुमति किया चक्काजाम 11 लोगों पर मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

खिमलासा-मालथौन रोड पर प्रदर्शन



सागर जिले में गोचर व शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर गौ सेवकों द्वारा मंगलवार को खिमलासा-मालथौन रोड पर स्थित गढ़ौली जवाहर गांव में किए गए चक्काजाम के मामले में खिमलासा पुलिस ने बुधवार को चक्काजाम कर आवागमन बाधित करने के मामले में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गौरतलब है युक्त मांग को लेकर गोसेवकों के द्वारा डेढ़ साल में 164 आवेदन-ज्ञापन दिए जा चुके हैं। जानकारी अनुसार मंगलवार को कुछ लोगों ने सार्वजनिक मार्ग पर चक्काजाम कर यातायात बाधित किया, जो उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के विपरीत है। सूचना मिलते ही थाना खिमलासा पुलिस मौके पर पहुंची और मार्ग को सुचारू रूप से शुरू कराया साथ ही पुलिस ने मामले में सुधीर सेन निवासी खिमलासा, रमेश निवासी खैराई, दीपक निवासी पातीखेड़ा, ऊदल निवासी खैराई, आकाश निवासी खैराई, इमरत अहिरवार निवासी खैराई, संदीप जोशी निवासी खिमलासा, अनुज पस्तोर निवासी पथरिया जेगन, छोटू राजपूत निवासी भरछा, हरिकिशन सेन निवासी खिमलासा एवं ब्रजेन्द्र ठाकुर उर्फ बाबा बजनदार निवासी पलौआ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया से भाजपा नेता संजय सिंह ने की मुलाकात, ससमस्याओं को लेकर सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भाजपा नेता संजय सिंह ने संचार भवन नई दिल्ली पहुंच कर केंद्रीय डाक दूरसंचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। भाजपा नेता संजय सिंह ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को बीना-गुना-रुठियाई ट्रेन के फेरे बढ़ाने के लिए क्षेत्र वासियों की ओर से अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। साथ ही बीना रिफाइनरी में स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने, स्थानीय स्तर पर औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों की स्थापना में सरकार से मदद उपलब्ध कराने, मजदूरों को आवास की सुविधा दिलाने, दूरसंचार के क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने एवं डाक विभाग में कार्यरत ग्रामीण डाक सेवकों की पदोन्नति करने सहित अनेक स्थानीय समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्हें निराकरण के लिए मांग पत्र सौंपा है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने स्थानीय समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निराकरण का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर पार्षद गौरीशंकर राय भी उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त स्टेशन प्रबंधक राकेश पुरोहित का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा नवनियुक्त स्टेशन प्रबंधक राकेश पुरोहित एवं नवनियुक्त वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (रेल पथ) उत्तर उज्ज्वल आर्य का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संघ के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष बीएल मिश्रा, लोको लाइन शाखा सचिव प्रभात उपाध्याय, मुख्य शाखा अध्यक्ष लखन सिंह, कोषाध्यक्ष अमित दुबे, उपाध्यक्ष सार्थक तिवारी, सहसचिव जितेंद्र व्यास, अंकित तिवारी,एसएसई आनंद शेषा, सीटीआई नरेंद्र जाटव, स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) आशीष अवस्थी, मुख्य स्वास्थ्य सीएचआई निरीक्षक सुधीर साहू, टिकट चेकिंग स्टाफ संग्राम सिंह राजपूत, रंजीत कुमार मीणा, मोशीन, मंजू रैकवार एवं सोनिया सहित ऑपरेटिंग विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राकेश पुरोहित को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बीना स्टेशन की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी एवं यात्री-केंद्रित बनेगी।

---

नवप्रवेशित विद्यार्थियों का किया स्वागत

# दीक्षारंभ 2026 शासकीय महाविद्यालय सेहराई में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शासकीय महाविद्यालय सेहराई के प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ प्रवेश उत्सव एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण, भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं तथा उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं से परिचित कराते हुए उच्च शिक्षा की नई यात्रा के लिए तैयार करना था।

इस अवसर पर संस्थान के वार्षिक संकल्प के साथ विद्यार्थियों के समक्ष मार्गदर्शक विचार के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नवप्रवेशित विद्यार्थियों का मुख्य प्रवेश द्वार पर अक्षत एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इको क्लब एवं हरित वसुंधरा क्लब के तत्वावधान में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों,अनुशासन, अध्ययन संसाधनों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा उच्च शिक्षा में सफलता के लिए आवश्यक कौशलों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने तथा संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपराओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि उच्च शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता एवं कौशल विकास का सशक्त आधार है। उन्होंने कहा कि आपका अपना सेहराई महाविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं नवाचार आधारित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने संस्थान के इस वर्ष के संकल्प वर्किंग टुगेदर टूवर्ड एजुकेशन का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्कृष्टता का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब शिक्षक एवं विद्यार्थी सहयोग, समर्पण और सहभागिता की भावना के साथ मिलकर कार्य करें।

दीक्षारंभ कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मेंटल हेल्थ एवं वेलनेश प्रोग्राम रहा। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यबल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में डॉ अंजू सिहारे ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर बावड़ी उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा कुंडलपुर (शाढ़ोरा) में मां सरस्वती की पूजन,दीप प्रज्वलित, रंगोली व श्रमदान कर बावड़ी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि धर्मवीर रघुवंशी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भाजपा, सतपाल सिंह जाट विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, बलवीर सिंह यादव नर्सरी संरक्षक और समाजसेवी तथा जगदीश शर्मा सब इंस्पेक्टर आदि अतिथि उपस्थित थे।

सर्व प्रथम अतिथि द्वारा मां सरस्वती एवं कन्या पूजन कर व अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान समापन पर अभियान की रूपरेखा व बावड़ी उत्सव की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी ने बावड़ी बचाने के लिए ग्रामीण को जागृत होने की अपील की। धर्मवीर सिंह रघुवंशी जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा ने केंद्र व राज्य शासन द्वारा अनेकों योजना चलाई जा रही है इसकी जानकारी दी तथा ग्रामीणों से अपील कि इसका अधिक से अधिक लाभ ले। सतपाल जाट ने कहा है कि जीवन का एक ही लक्ष्य होना चाहिए पर्यावरण बचाये, व्यक्ति के जन्मदिन, शादी समारोह और पुण्यतिथि पर एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। नर्सरी संरक्षक बलबीर सिंह यादव ने बताया कि इस पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधारोपण व जल संरचनाएं संरक्षित करना अनिवार्य है। सब इंस्पेक्टर जगदीश शर्मा ने बताया कि आपको जहां भी जगह मिले एक पौधा अवश्य लगाये।